जागरण

# ब्रांडेड कंपनियों के नाम से बना रहे नकली शराब, दो गिरफ्तार

- **हिंदी न्यूज़**
- उत्तर प्रदेश
- मेरठ

Publish Date:Sun, 19 Jul 2020 06:07 AM (IST)




आबकारी विभाग की टीम को शनिवार को बड़ी सफलता हाथ लगी है। टीम ने छापेमारी कर दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

जेएनएन, मेरठ। आबकारी विभाग की टीम को शनिवार को बड़ी सफलता हाथ लगी है। टीम ने छापेमारी कर दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से मिश्रित शराब, स्प्रिट तथा ब्रांडेड शराब की बोतलों के ढक्कन, रैपर व क्यूआर कोड आदि बरामद हुए हैं।

शनिवार को जिला आबकारी अधिकारी आलोक कुमार केनेतृत्व में निरीक्षक व सेक्टर दो के प्रभारी बिरजू प्रसाद गुप्ता, मो. असलम व प्रफुल्ल सिंह ने टीम के साथ पहले सैनिक विहार और फिर खिर्वा रोड कंकरखेड़ा पर छापा मारा। आरोपितों ने भागने की कोशिश की, लेकिन टीम ने दबोच लिया। मौके से टीम ने करीब 20 लीटर स्प्रिट, 15 लीटर मिश्रित शराब, करीना ब्रांड की बनी हुई अवैध कच्ची शराब करीब दो पेटी, वेव के आठ हजार, ओल्ड मोंक तीन सौ, करीना ब्रांड 720, तोहफा ब्रांड 2009, रायल स्टैग 40 ढक्कन व लेवल आदि बरामद किये। वहीं, क्यू आर कोड का एक बड़ा रोल व सील करने वाली मशीन भी मिली है। वहीं, टीम ने मारूति जैन कार, स्कूटी व एक बाइक भी बरामद की है। आबकारी विभाग की टीम ने आरोपित संजीव सिंह पुत्र जगनायक सिंह निवासी सैनिक विहार व अर्जुन पुत्र ऋषिपाल निवासी पल्लवपुरम फेज दो को गिरफ्तार किया है। इनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। उप आबकारी आयुक्त डा. सुरेश चंद्र भी मौके पर पहुंचकर जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि शहर में बड़े पैमाने पर तस्करी की शराब व नकली शराब का धंधा चल रहा है।

इन्होंने कहा

दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से बड़ी मात्रा में नकली शराब बनाने का सामान बरामद किया गया है।

-आलोक कुमार, जिला आबकारी अधिकारी मेरठ।

Posted By: **Jagran**

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/meerut-city-counterfeit-liquor-made-in-the-name-of-branded-companies-two-arrested-20528313.html